12.47 hrs.

DEMANDS FOR GRANTS†—*contd.*

MINISTRY OF FINANCE *contd.*

Mr. Speaker: The House will now resume discussion on the Demands for Grants relating to the Ministry of Finance. Out of 8 hours allotted for these Demands, 2 hours and 10 minutes now remain.

How long would the hon. Minister take?

The Minister of Finance (Shri Morarji Desai): About one hour.

Mr. Speaker: So, I shall call him at 1·15 P.M. After that, the cut motions will be disposed of, and the Demands put to vote.

Shri Chandak may continue his speech now.

Shri Khadilkar (Ahmednagar): On a point of order. We are discussing the Demands for Grants relating to the Ministry of Finance and the Ministry of Planning. So, far as the Planning Minister is concerned, unfortunately, he has not been present in the House. Would you kindly ask the Minister concerned to show a little more courtesy and respect to the House, because we are discussing the Demands for Grants relating to two Ministries? On the former occasion, you had given a ruling to that effect.

Mr. Speaker: I did not follow the hon. Member fully.

Shri Khadilkar: We are discussing the Demands for Grants relating to two Ministries, namely the Ministry of Finance and the Ministry of Planning. Throughout the discussion, the Minister of Planning has not been here, nor does it seem from the position now that he is going to reply at all.

Mr. Speaker: He may or may not reply. I cannot force him to do so. I can only request the hon. Ministers to continue to be present here. I cannot ask the planners to be here.

Shri Morarji Desai: May I say that I am also a Member of the Planning Commission, and, therefore, I can also reply? Moreover, my hon. friend is also here. Therefore, both of us are here. I do not know why it is said that they are not represented here.

Shri Nath Pai (Rajapur): It is not the Planning Commission's Demands that we are discussing but it is the Planning Ministry's Demands which we are discussing.

Shri Surendranath Dwivedy (Kendrapara): The Chairman of the Planning Commission is also present here. But we want the Minister concerned to be present.

Mr. Speaker: As far as possible, all hon. Ministers, the Demands relating to whose Ministries come up for discussion, will kindly participate in the discussion or at any rate be present in the House.

श्री चांडक (छिंदवाड़ा) : माननीय स्पीकर महोदय, इस समय फाइनेंस और प्लानिंग की जो डिमाण्ड्स हाउस के सामने हैं, उन डिमाण्ड्स पर मैं दो चार बातें कहना चाहूंगा।

पहली बात तो यह है कि कुछ महीनो पहले मुल्क में एक ऐसा वातावरण पैदा हो गया था कि जब फारेन एक्सचेंज का अभाव सा प्रतीत होने लगा था और इधर हमारे मुल्क में खाद्यान्नों का उत्पादन घट जाने के कारण भाव भी काफी बढ़ गये थे। उस वक्त हम यह सोचने पर बाध्य हो गये थे कि हमारी यह जो द्वितीय पंचवर्षीय योजना है यह किस प्रकार से पूरी होगी। लेकिन हम देखते हैं कि हमारे वित्त मंत्री जी के प्रयत्नों से वह स्थिति अब टल गई है। इस वर्ष के बजट

†Moved with the recommendation of the President.

[श्री गंडक]

प्रोपोजल्ज को जब हम देखते हैं तो हम पाते हैं कि कई अच्छी बातें की जा रही हैं। एसेसमेंट के जो बहुत सारे केसिस पेंडिंग थे उनकी संख्या घट गई है। नए सिरे से इंटरनल रिसोर्सिस को मजबूत करने के लिये प्रयत्न किये गये हैं और टैक्स इवैजन जो होता था, उसके लूपहोल्स को बन्द करने की भी कोशिश की गई है। इसी तरह से लगभग २३ करोड़ रुपये के नए टैक्स लगाने के भी सुझाव रखे गये हैं। इसके साथ ही साथ हमारे वित्त मंत्री महोदय ने बाहर जाकर हमारे फारेन एक्सचेंज के सवाल को भी लगभग हल कर लिया है। हमारा औद्योगिक उत्पादन भी काफी परिमाण में बढ़ रहा है। लोहा और इस्पात के तीन कारखाने जो लगे हैं, वे भी प्रोडक्शन करने लगे है और आशा की जाती है कि अब योजना की पूर्ति में आने वाला संकट टल गया है और हमारी योजना जो कि आर्थिक और सामाजिक सुधारों की दृष्टि से बहुत आवश्यक है और उस ओर एक ठोस कदम है, वह सफल होगी और हम आगे बढ़ेंगे। इसमें मुझे कोई सन्देह मालूम नही देता है।

लेकिन उसके साथ ही साथ कुछ और बातें भी हैं जिनकी ओर हमारा ध्यान जाना चाहिये। सारी योजनायें हमारी पूरी हो रही हैं या निश्चित कदम हम उनको पूरा करने की ओर बढ़ा रहे हैं, इसमें कोई सन्देह नहीं हैं। लेकिन जहां तक खेती के उत्पादन का सवाल है, हमारा उत्पादन नहीं बढ़ रहा है और यह कहा जाता है कि खेती के उत्पादन को दृष्टि से प्रथम पंचवर्षीय योजना में उस पर काफी जोर दिया गया था। बात सही है और जोर दिया भी गया था। लेकिन क्या कारण है कि हमारा खेती का उत्पादन बढ़ नही रहा है। बड़े बड़े बांध भी बांधे जा रहे हैं, इरिगेशन और पावर प्राजैक्टस भी बड़े बड़े कायम किये जा रहे हैं और इन सब को भी अगर हम दृष्टि में रखें तो यह कहा जा सकता है कि जरूर कुछ प्रयत्न हो रहा है और इसमें सन्देह की कोई गुंजाइश नहीं है। लेकिन यह भी सच है कि जितने भी बड़े बड़े बांध बांधे जा रहे हैं उनमें से अधिकांश का पानी अभी तक खेतों में नहीं पहुंचा है और जितनी बिजली पैदा हुई है या हो रही है उसमें से केवल छः प्रतिशत बिजली ही इरिगेशन के काम में आती है और ७४ प्रतिशत बिजली उद्योगों के उपयोग में आ रही है। मेरा अनुमान है कि खेती के उत्पादन या कृषि सम्बन्धी जो योजनायें बनाई गई हैं, उनको बनाते समय कुछ प्रयोरिटीज की ओर ध्यान कम दिया गया है। यह कहा जाता है कि यह नैशनल एक्सटेंशन स्कीम्स और कम्युनिटी प्राजैक्ट्स की जो स्कीमें हैं, उन्होंने देहातों में एक क्रान्तिकारक परिवर्तन किया है। लेकिन जहां तक मैंने देखा है और अनुभव किया है, इन योजनाओं के अन्तर्गत अवश्य कुछ काम देहातों में हुआ है लेकिन वह इतना कम हुआ है कि उनका असर कृषि के उत्पादन पर तो शायद बिल्कुल पड़ा ही नहीं है। जरूर कुछ कच्ची सड़कें देहातों में बन गई है, कुछ नए प्राइमरी स्कूल खुल गये हैं और बीज और खाद का कुछ बटवारा किया गया और कुछ तकावी भी बांटी गई है लेकिन इनके अतिरिक्त देहातों की सुधारने के लिये जिन चीजों की आवश्यकता थी, वे बहुत ही कम हुई है और उस ओर ध्यान नही दिया गया है। एक काम करने वालों की बड़ी फौज की काम जरूर मिल गया है, इसमें सन्देह नहीं है लेकिन जो हम चाहते थे, जो हमारा उद्देश्य था कि ये योजनायें देहातों का नक्शा ही बदल देंगी, एक क्रान्तिकारी परिवर्तन वहां ला देंगी वह चीज नहीं हुई है। यह बात निर्विवाद है।

मैं अर्ज करना चाहता हूं कि यह मानी हुई बात है कि अन्य कोई भी साधन उपलब्ध हों, लेकिन जब तक पानी और खाद की पूरी व्यवस्था नहीं होती है, बिजली देहातों में नहीं पहुंचाई जाती है, तब तक अन्न का उत्पादन या खेती का उत्पादन अधिक नहीं

बढ़ सकता है । यदि इन बड़े-बड़े बांधों के साथ-साथ छोटी-छोटी योजनाओं की ओर भी अधिक ध्यान दिया गया होता, प्रथम ध्यान दिया गया होता तो आज जो खाद्यान्नों की कमी महसूस की जा रही है, मेरा अनुमान है, वह कमी न हुई होती । आज हम जिस संकट में फंसे हुए है, वह संकट हमारे सामने न होता । इसलिये मै अर्थ मंत्री जी से विनय-पूर्वक प्रार्थना करना चाहता हूं कि यदि खेती का उत्पादन बढ़ाना है—और बढ़ाना आवश्यक है, यह निर्विवाद है, क्योंकि हमारी सारी योजनायें खेती के उत्पादन पर निर्भर करती है और इस बात को सभी ने माना है—तो सबसे पहले और अधिक से अधिक ध्यान हमें देहातों की तरफ देना चाहिये । देहातों की हालत को सुधारने की कोशिश की जानी चाहिये और छोटी-छोटी जो सिंचाई की स्कीमें हैं उनको प्राथमिकता दी जानी चाहिये । जहां जहां सम्भव हो, आप बड़े-बड़े बाध भी बाधे लेकिन इन स्कीमों की ओर अधिक ध्यान दे । आज लोग हम से पूछते हैं कि भाखड़ा बांध का पानी तो हमारे खेतों में आने वाला नही है तो क्या कारण है कि हमारे लिए छोटी छोटी स्कीमे शुरू नही की जाती हैं । जहा-जहां पर बडे-बडे बांधो का पानी नही पहुंच सकता है, वहा आवश्यकता इस बात की है कि नाले खोदे जायें, नहरे खोदी जायें, तालाब बनाये जाये, जो चीज भी सुविधापूर्वक बनाई जा सकती है, बनाई जाए ताकि उन क्षेत्रो को पानी मिल सके, जहां पानी बड़े-बड़े बांधो का पहुंचाया नही जा सकता है । इस वास्ते मै चाहता हूं कि छोटी-छोटी सिंचाई योजनाओं की तरफ सब से पहले ध्यान दिया जाए ।

इसी तरह से गांवो में बिजली की अत्यन्त आवश्यकता है । इतनी बिजली पैदा हुई है लेकिन फिर भी देहातों में बिजली की आवश्यकता पूरी नहीं हो पाई है और वहां पर बिजली की बहुत अधिक मांग है । जितनी बिजली आज पैदा होती है, उसमें से केवल छ: प्रतिशत बिजली इरिगेशन के काम में आती है । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इस रूरल इलैक्ट्रिफिकेशन के काम को बहुत जल्द किया जाए और जल्द से जल्द देहातों में बिजली तथा पानी पहुचाया जाए । इसी तरह से खाद का भी इंतिजाम किया जाए जिस की सब से अधिक आवश्यकता है ।

वैसे ही एक दूसरी बात की ओर भी मै आप का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं और वह यह है कि अभी किसानों को उन की जरूरत के अनुसार अपनी खेती को सुधारने के लिये कर्ज नहीं मिलता । जहां तक मैं ने फाइनेन्स मिनिस्ट्री की रिपोर्ट को देखा है, उससे मालूम हुआ कि अब हमारे रिजर्व बैंक ने कोआपरेटिव बैंक के जरिये २८ करोड़ रु०—२५ करोड रु० लांग टर्म कर्ज और ३ करोड़ रु० शार्ट टर्म कर्ज—की व्यवस्था की है । आप सोच सकते हैं कि यह कितनी कम व्यवस्था है । इस से किसानों को जो कर्ज मिलता है वह कम परिमाण में मिलता है और वे अपनी खेती का विकास नहीं कर सकते । मेरा आप से निवेदन है कि इस ओर अधिक ध्यान दिया जाय । ३० जून, १९५८ तक के लिये २८ करोड़ रु० की व्यवस्था की गई थी, इस वर्ष के लिये शायद ६ करोड़ रु० की व्यवस्था रिजर्व बैंक और करने वाला है । लेकिन यह व्यवस्था बहुत अल्प मात्रा में है । ऐग्रिकल्चरिस्ट को जो कर्ज मिलता है वह रिजर्व बैंक से तो डेढ़ परसेन्ट ब्याज पर दिया जाता है, लेकिन किसानों के हाथ में वह कर्ज पहुंचता है तो उन को ९ या १० परसेंट ब्याज देना पड़ता है । मेरी आप से विनय है कि इस ब्याज की जो दर है उस को घटा दिया जाय ।

साथ ही मुझे आप से यह कहना है कि ऐग्रिकल्चरिस्ट्स को मदद करने के लिये आप को और भी कदम उठाने चाहिये । जिस प्रकार से इंडस्ट्रीज को मदद करने के लिये आप ने इंडस्ट्रियल फाइनेंस कारपोरेशन

[श्री चांदक]

कायम किया है उसी तरह से ऐग्रिकल्चरिस्ट्स की मदद करने के लिये एक एग्रिकल्चरल फाइनेन्स कारपोरेशन भी कायम किया जाय। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि लाइफ इंश्योरेन्स कारपोरेशन प्रतिवर्ष लगभग ४० करोड़ रु० इन्वेस्ट करता है। इस ४० करोड़ रु० में से ५० परसेन्ट तो उसे गवर्नमेंट सिक्योरिटीज में इन्वेस्ट करना पड़ता है लेकिन जो बाकी की ५० परसेन्ट रकम है यदि उस में से आधी रकम भी इस ऐग्रिकल्चरल फाइनेन्स कारपोरेशन को, खेती करने वाल किसानों को कर्ज देने में इन्वेस्ट करने के लिये दी दे जाय तो यह फंड ज्यादा बढ़ सकता है। मैं आशा करता हूं कि आपइस ओर ध्यान देंगे।

मेरा आप से यह भी निवेदन है कि भले ही हमारी दिल्ली शहर को न्यूयार्क बनाने की कल्पना हो, लेकिन रूरल हाउसिंग की स्कीम किसी भी प्रकार अमल में नही आ रही है। देहातों का नक्शा आज भी वही पड़ा हुआ है जो कि पुराना था। आप स्वयम् जा कर देख सकते हैं। वही टूटे फूटे घर हैं जहा स्लम क्लिअरेंस नही हुआ है, घास फूस के घर और कच्चे मकान हैं जिन में उन को रहना पड़ता है। देहातों की स्थिति को सुधारने के लिये जब तक आप छोटे-छोटे उद्योग धंधों, ग्रामोद्योग और कुटीर उद्योगों को अधिक से अधिक नहीं बढ़ायेंगे तब तक देहातों की हालत सुधरने वा ी नही है। हर एक आदमी इस बात को अनुभव करता है कि जो खेतों में काम करने वाले आदमी हैं, यानी किसान और देहातों में रहने वा े या दूसरे आदमियों को कोई काम नही मिलेगा, कोई सब्सटीट्यूट काम नहीं मिलेगा खेती की जगह पर और खेती के साथ-साथ तब तक उन की हालत सुधरने वाली नहीं है। मेरा ऐसा ख्याल है कि छोटे और कुटीर उद्योग धंधों की ओर बहुत कम ध्यान दिया गया है।इस तरफ अधिक ध्यान दिया जाना चाहिये। हालांकि हम बड़े उद्योग धंधों की जरूरत है, लेकिन जब तक यह चीजें नहीं होंगी तब तक देहातों की तथा कृषि की हालत नहीं सुधर सकती है।

मेरी आप से एक और विनय है। स्टेट्स रिआर्गेनाइजेशन के फलस्वरूप हमारे नये मध्य प्रदेश का उदय हुआ। यह बहुत बड़ा प्रदेश है जिस का क्षेत्रफल १ लाख, ७१ हजार, २०१ वर्ग मील है। आप जानते हैं कि इस में चार यूनिट शामिल हैं जिस की राजधानी भोपाल बनाई गई। केन्द्र की इच्छा के अनुसार भोपाल राजधानी बनी है। यह राजधानी तो बन गई लेकिन राजधानी बनाने योग्य साधन वहां उपलब्ध नहीं थे। इस कैपिटल प्रोजेक्ट के लिये प्रयत्न हो रहा है लेकिन वहां पर आज स्थिति क्या है इसे आप समझ सकते हैं। मध्य प्रदेश की सरकार आज ६ जगहों में बटी हुई है, उन के डाइरेक्टर ६ जगह बटे हुए हैं। कुछ रायपुर में रहते हैं, कुछ ग्वालियर में, कुछ इन्दौर में, कुछ भोपाल में, कुछ रीवा में। इस तरह से ६ जगहों में डाइरेक्टोरेट्स बटे हुए हैं। आप कल्पना कर सकते हैं कि डाइरेक्टर्स तो एक दूसरे से ३००–३०० और ४००–४०० मील दूर रहें और सेक्रेटरीज भोपाल में रहें, हमारे मंत्रिगण भोपाल में रहें, तो ऐडमिनिस्ट्रेशन का कारोबार किस तरह से चलता होगा। सारे आफिसेज को एक जगह पर लाने के लिये जगह नही है, जगह का अभाव है, मकानों का अभाव है। मध्य प्रदेश सरकार ने एक बार, दो बार नही, कई बार आप से विनय की है कि उन्हें कैपिटल प्रोजेक्ट के लिये आप से मदद मिलनी चाहिये। जिस तरह से चंडीगढ़ और भुवनेश्वर आदि नई राजधानियां बनी उसी तरह से भोपाल भी नई राजधानी बनी। केन्द्र की ओर से चंडीगढ़ और भुवनेश्वर की राजधानियां बनाने में मदद दी गई। क्या वजह है कि मध्य प्रदेश की ओर केन्द्रीय सरकार ध्यान नहीं देती जब कि दूसरी राजधानियों को बनाने के लिये केन्द्र की ओर

से मदद दी गई? मैं प्रार्थना करना चाहूंगा कि मध्य प्रदेश की ओर भी आप ध्यान दें। मध्य प्रदेश सरकार आज कैपिटल प्राजेक्ट के प्रयत्न में लगी हुई है। उस की शायद १५ करोड़ रु० की स्कीम है, लेकिन वह उसे पूरा नहीं कर पा रही है। जब केन्द्र की इच्छा से भोपाल राजधानी बनाई गई तो केन्द्र का कर्त्तव्य हो जाता है कि वह इस कैपिटल प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिये, राजधानी को फुलफ्लेज्ड रूप से इस्टैब्लिश करने के लिये वह मदद करे।

इस के साथ-साथ १९१ करोड़ रु० का मध्य प्रदेश का डेवेलपमेंट बजट है जिस में से, यह कहा गया था, १४४ करोड़ रु० केन्द्र की ओर से मिलेगा और ४७ करोड़ रु० उस में राज्य सरकार को लगाना होगा। राज्य तो अपना हिस्सा पूरा कर रहा है लेकिन मुझे यह पता लगा है कि केन्द्र की ओर से द्वितीय पंचवर्षीय योजना के लिये प्रति वर्ष जिस परिमाण में रुपया मिलना चाहिये वह नहीं मिल रहा है। मैं निवेदन करूंगा कि यदि १४४ करोड़ रु० को पांच वर्ष में बांटा जाय तो हर वर्ष के लिये २९ करोड़ रु० आता है। कम से कम इस वर्ष का रुपया तो मध्य प्रदेश राज्य को मिलना ही चाहिये।

परसों हमारे मित्र श्री अशोक मेहता ने कहा था कि मध्य प्रदेश में इतना फारेस्ट है जो कि सारे देश के फारेस्टस का चौथाई हिस्सा है। यह तो आप जानते ही हैं कि मध्य प्रदेश में बहुत पार्टेंशलिटीज हैं, वहां बड़ी-बड़ी नदियां बहती हैं, वहां बहुत घने जंगल हैं, जंगलों की बहुत बड़ी सम्पत्ति है, वैसे ही भूगर्भ में भी अनेक प्रकार की सम्पत्ति भरी हुई है। लेकिन उस को डेवेलेप करने के लिये कोई प्रयत्न नहीं हो रहे हैं, और यदि हो रहे हैं तो बहुत कम। केन्द्र को इस के ऊपर अधिक ध्यान देना चाहिये।

वैसे ही आप जानते हैं कि वहां डाकुओं का बहुत बड़ा सवाल है। चम्बल और बेतवा नदियों के बीच में जो बड़े-बड़े टीले बने हुए हैं, रेवाइन्स पड़े हैं, उन के अन्दर इन डाकुओं के रहने के स्थान हैं। यह हजारों लाखों एकड़ जमीन है। यदि इस जमीन को रिक्लेम किया जाय तो मैं समझता हूं कि एक ओर तो वहां पर कुछ आबादी बस सकती है और दूसरी ओर जो वहां जमीन है उस से पैदावार भी बढ़ सकती है साथ ही जो डाकुओं का संकट है वह भी टल सकता है। इस पर भी केन्द्रीय सरकार को ध्यान देना चाहिये।

अब एक दो बातें मैं आप को सेल्स टैक्स के सम्बन्ध में सुझाना चाहता हूं। सब तरफ से आवाज आती है कि हमारी सेल्स टैक्स की पद्धति ऐसी है कि हर एक प्रान्त में, हर एक चीज पर अलग अलग सेल्स टैक्स लगाया जाता है। आप की रिपोर्ट से भी मालूम होता है कि आप इस तरफ ध्यान दे रहे हैं। मेरा आप से निवेदन है कि यदि सारे प्रान्तों में एक सा यूनिफार्म सेल्स टैक्स हो, और सेल्स टैक्स ऐट सोर्स हो, जैसा कि आप ने शुगर, तम्बाकू, कपड़े आदि कुछ चीजों के सम्बन्ध में किया है, तो इस से बहुत सी अड़चनें और उलझनें दूर हो सकती हैं। पैसा अधिक मिल सकता है और जो छोटे छोटे व्यापारियों के मार्ग में अनेक प्रकार की दिक्कतें आती हैं वे दिक्कतें भी दूर हो सकती हैं। और आसानी से यह सेल्स टैक्स का पैसा वसूल हो सकता है। मैं आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करूंगा कि इस प्रकार से यह यूनिफार्म सेल्स टैक्स लागू हो और सेल्स टैक्स ऐट सोर्स वसूल हो, इस प्रकार की कोई योजना बनाई जाय तो ज्यादा अच्छा होगा।

मैं एक बात की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। अभी मैं ने देखा कि आपके जो अंक हैं उससे पता चलता है कि गत तीन वर्षों में १२११ करोड़ रुपया बाहर से कर्ज मिला है, बाहर से मदद के रूप

[श्री चांडक]

में मिला है लेकिन इस कर्ड में से केवल ४७८ करोड़ रुपये का उपयोग हुआ है अर्थात् केवल ४७८ करोड़ रुपये युटिलाइज हुए हैं और ७३३ करोड़ रुपये इस तीसरे वर्ष के अन्त में भी अनयुटिलाइज्ड पड़ा हुआ है । हमने देखा कि ऐस्टिमेट्स कमेटी की रिपोर्ट में यह चीज आई कि हमारे तीनों स्टील प्लांट्स की कीमतें बढ़ गईं और वह इस कारण हुआ कि चूंकि समय पर पैसों का युटिलाइजेशन नहीं हुआ, समय पर पैसा उपयोग में नहीं लाया गया । इतनी बड़ी रकम जो हमने मेहनत करके बाहर से प्राप्त की है उसमें से केवल ४७८ करोड़ रुपये युटिलाइज हुए और ७३३ करोड़ रुपये तीन साल के बाद में भी, तीसरे साल के अन्त में जब कि हम चौथे साल में प्रवेश कर रहे हैं तब भी वह रुपया अनयुटिलाइज्ड पड़ा हुआ है । आखिर क्या कारण है और क्यों वह रुपया युटिलाइज नहीं हुआ है ? मैं अर्ज करना चाहता हूं कि जिस काम के लिए जो रुपया आये यदि समय पर उसका उपयोग नहीं होता है तो जिस तरह से तीनों स्टील प्लांट्स की कीमतें बढ़ गईं उसी तरीके से वह कीमतें भी बढ़ सकती हैं और समय पर रुपया युटिलाइज नहीं हो सकता ।

इन शब्दों के साथ मैं इन डिमांड्स की ताईद करता हूं और मंत्री जी को बधाई देता हूं । साथ ही अध्यक्ष महोदय, आपने जो मुझे बोलने के लिए चन्द एक मिनट दिये उसके लिए आपको अनेकों धन्यवाद ।

Shri Barman (Cooch-Bihar—Reserved—Sch. Castes): Mr. Speaker, Sir, a little over a decade has now passed since independence. Looking at the performance of the Government of India, the nation is confident that at least in one sector, I mean the industrial sector, this Government has laid the foundations on solid rock. We have now established our steel production plants, explored mines and oils, installed electrical plants and are going to instal big and small machine-making industries. We are confident that when this base is once built, in the coming future the country will be able to produce large numbers of industrial plants, big and small and cottage scale, with which the country will be able to march forward in solving poverty and misery. In that respect, the Finance Ministry has, all along, done its part creditably. It has not only raised finances within the country—revenue and capital—but has also succeeded in getting financial assistance from abroad.

But, in the other sector, I think the Ministry has not devoted that much attention which it had given to the industrial sector. We know the difficulties; we know the drawbacks; but, in spite of that, my feeling is that the Ministry has not done that much which it could have done. I am not making this remark simply on supposition; but, I want to base my remarks on certain facts. I would refer, therefore, to the Report of the Agriculture Ministry of last year. At page 3 of the Report, it is said that:

> "The cultivators are increasingly becoming fertilizer-conscious and the demand is in excess of supply. The consumption of nitrogenous fertilizers has, therefore, to be necessarily restricted and during 1958-59 the actual consumption, in terms of sulphate of ammonia, is expected to be about 9 lakh tons. The demand for 1959-60 comes to about 18.8 lakh tons in terms of sulphate of ammonia. Owing to the difficult foreign exchange position, it may be possible, according to the present indication, to meet only 50 per cent of the demand."

Sir, these remarks in the Agriculture Ministry's Report are very significant and from these we are entitled to infer that this foreign exchange bottle-neck has operated very harshly in the agricultural sector rather than in other sectors. When we look to

the loans and other sorts of assistance, we find that by the year 1959-60, the country will be incurring a loan to the extent of more than Rs. 600 crores or Rs. 700 crores.

Even in the year 1959-60, we are in need of more than Rs. 300 crores of external foreign assistance. I do not know what the foreign assistance involved in procuring from outside the extra 9 lakh tons of sulphate of ammonia, which is needed for the agricultural sector, would be. From this, I am constrained to observe that the Finance Ministry has not given that much importance to food production in the country as it has done in the case of industrial development.

We find that this country is deficit in food year after year and the Ministry has to incur a loan on account of food imports. It may be under PL 480; but that is after all a loan and every year, on an average, about 3 million tons of foodgrains are being imported into this country.

When we make a comparison of the expenditure that is involved in importing foodgrains with the expenditure that is involved in importing sulphate of ammonia and other chemical manure that is needed by the country, we will find, taking statistics, that we are acting in a miserly way in the matter of this fertilizer import and that we are too much liberal in our food imports.

For that also, I would like to cite some figures which I have got from a publication of the West Bengal Ministry. In the year 1957-58, when the results of crop competition were out, we got these figures. In the year 1957-58, in an acre of land, about 74.32 mds. of paddy was produced, though the average yield of the State was 16:11 mds. only. In terms of percentage it is 460 per cent. The chemical manure involved is one maund and twenty seers. Of course there are other manures produced within the country, green manure and other things. But so far as sulphate of ammonia is concerned, the particular subject which I have touched, we find that the application of 1½ maunds of this manure has increased the yield by 460 per cent. As regards wheat in the same province in 1957-58 the average yield per acre was 6.33 maunds. By a similar process the yield has been increased to 33.20 maunds—500 per cent. Taking the average food production in our country at 65 million tons, and comparing it with the maximum import figure of 3.5 million tons we find that the food deficit of our country is about five or six per cent. Now, we should ponder whether we are not doing our part in increasing our food production in the country. We find that we can increase it by several times as I have already explained. Our overall deficit for the whole of India is only five or six per cent. Therefore, I want to say that in this respect, in making our country self-sufficient in food, that amount of attention which requires to be paid, has not been paid.

In the year 1951, we imported foodgrains from the United States to the value of about Rs. 93 crores. For that we could not pay the instalments that fell due and we have deferred the payment of some instalments. Simply for that loan alone, we shall have to exert ourselves till the year 1998, I think, or somewhere nearabout that. Apart from that there are many subsequent loans on account of food. It is my submission that in a vital matter like food, the Ministry has not done what it should have done or could have done. It is not simply a question of income or expenditure. On the increase of food production depends largely the fate of our agricultural population or the rural population. Seventy per cent of India's population is dependent on agriculture. Until and unless the Government makes serious attempts to increase food production which is the

[Shri Barman]

only economy so far as the agricultural population is concerned, this large population of our country will remain in a straitened condition so far as the economy is concerned. Their improvement or development is dependent upon the production of food and if we neglect this sector of our economy and be satisfied with importing food from outside, it is not good By selling our industrial products, we may be in a position to import food from outside without any loan but the fact remains that the large population inhabiting this country will remain in a straitened condition. It has been once said by the Earl of Listowell, the last Secretary of State for India, when he observed our development plans, that India is under the greatest experiment so far as democratic socialism is concerned. The success or failure of this democratic process will depend largely upon the rural population being satisfied with the process and if we neglect food production in our rural areas we are at the same time neglecting the psychology of the masses that inhabit the rural area. We are quite convinced that we require at the same time industrial development; we realise that our resources are meagre. But at the same time, we should realise that the psychology of the vast masses of India depends on how this agriculture sector remains and works and it is on them that the success or failure of our democratic principle remains. In the name of the rural sector, I would appeal to the Government that it should not neglect this agricultural sector any more. I do not know what is the amount involved in indenting the chemical manure and I do not know whether we should always be indenting this vital necessity of the agricultural sector from outside. We have launched upon so many big schemes and we are spending so much on our steel plants. Could we not, instead of making three steel plants, cut down one steel plant and with that amount install so many Sindries throughout the length and breadth of our country and make this country self-sufficient so far as chemical manure is concerned? These are points that exercise our minds and we are very much concerned that the Government is not doing its bit so far as the rural area and the increase of our agricultural economy is concerned. I appeal to the Government to consider this matter seriously.

श्री सिंहासन सिंह (गोरखपुर): अध्यक्ष महोदय, आज बजट की डिमांड्स की मंजूरी का अखिरी दिन है और आज हमारे वित्त मंत्री महोदय आखिरी तौर पर बजट का उत्तर देंगे और अपने बजट प्रस्तावों में आज जिन संशोधनों को वह उचित समझेंगे उनको स्वीकार करने की घोषणा सदन में करेंगे। मुझे आशा है कि हमारे वित्त मंत्री महोदय हमको निराश नही करेंगे और इस सदन के अधिकतर सदस्यों ने यहां पर यह आवाज उठाई है कि छोटे मोटे व्यवसायों और गृह उद्योगों पर जैसे कि हमारा खंडसारी का उद्योग है उनको प्रोत्साहन देना सरकार का फ़र्ज है और इसलिए जो सरकार ने खंडसारी पर टैक्स लगाया है वह उचित नही है और सभी सदस्यों ने खंडसारी पर से इस टैक्स को हटा लेने की मांग की है। खंडसारी पर पहले ८ आने का टैक्स होता था जो कि सन् १९५२ से माफ हो गया था। लेकिन अब यकायक सन् १९५९ के बजट में इस तमाम खंडसारी इंडस्ट्रीज पर जो कि पावर से चलती हैं ५ रुपये ६० नये पैसे का सरकार टैक्स लगाने जा रही है। अभी प्लानिंग कमीशन ने छोटे व्यवसायों की परिभाषा यह की है कि ऐसे उद्योग जहां कि ५० आदमी पर शिफ्ट काम करते हो और पावर से काम करते हों और ऐसे उद्योग जहां कि १०० आदमी पर शिफ्ट काम करते हों और जहां हाथ से काम होता हो, वे छोटे व्यवसाय माने जायेंगे लेकिन इस परिभाषा का कोई भी लिहाज न करके सबको इस टैक्स के लिए रख लिया गया है।

इस सम्बन्ध में मैं आप का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि हमारे देश में हर तरह से इस बात का प्रयत्न हो रहा है कि बिजली की शक्ति और बढ़ाई जाये और यह शक्ति बढ़ेगी तो केवल यह बड़े बड़े कल कारखानों के लिये ही नहीं काम आयेगी बल्कि छोटे छोटे हथ व्यवसायों के लिये भी काम में आयेगी। हम इस प्रयत्न में होंगे कि जहां हम हाथ से काम कर रहे हैं, वहां छोटी छोटी मशीनें लगा कर बिजली से हम काम करें। एक अवस्था ऐसी आसकती है जैसे कि अम्बर चर्खे के लिये भी किसी ने सुझाव दिया है कि अम्बर चर्खा बिजली से चलाया जाय तो हो सकता है कि आगे चल कर वह बिजली से चलने लगे और छोटे छोटे हमारे ग्रामोद्योग जो कि आज हाथ से चलते हैं उन को भी बिजली से चलाये जाने का प्रयत्न होगा। जैसा कि जापान इत्यादि मुल्कों में होता है। इसलिये हमें इस बात पर विचार करना होगा कि कौन से छोटे गृह-उद्योग ऐसे हैं जिन पर कि हम टैक्स न लगावें क्योंकि यह तो मानी हुई बात है कि अगर किसी में सब से अधिक क्षमता सब को काम देने की है तो वह इन छोटे गृह-उद्योगों में है, बड़े उद्योगों में नहीं है।

प्लानिंग कमीशन ने सवाल जवाब के रूप में यह बताया है कि सन् १९६१ तक हमारे देश में बेकारों की तादाद १ करोड़ ५० लाख हो जायेगी। इतने लोग काम लायक होंगे। ३० लाख हर साल बढ़ रहे हैं। अब हर साल यह जो बेकारों की तादाद बढ़ती जा रही है इन को अगर काम देने की क्षमता किसी में है तो वह छोटे धंधों में है और याद रखिये जब तक सरकार का ध्यान इन छोटे छोटे गृह उद्योगों की ओर नहीं जायेगा तब तक आप की यह बेकारी की समस्या सफलतापूर्वक हल नहीं हो सकेगी। उन छोटे व्यवसायों को उसी तरह का प्रोत्साहन देना चाहिये जैसे कि आप खेती को देते हैं। यह ३ आने गज का प्रोत्साहन देकर यह मानना पड़ेगा कि जहां खेती लाखों में पहुंचती थी आज वह करोड़ों में बन रही है और कई लाख आदमी उस के अन्दर काम कर रहे हैं लेकिन अगर तीन आने विदड्रा कर के २ आने उस पर लगा दें तो यकीन मानिये कि वह भी बैठ जायेगी। अब छोटे उद्योगों को बड़े उद्योगों के मुकाबिले प्रोत्साहन इसी तौर पर दिया जा सकता है कि उन को ट्रेड ड्यूटी से माफी दे दें। आज आप बाजार भाव देखिये। चीनी जो कि मिलों द्वारा तैयार की जाती है उस का भाव ४० रुपये प्रतिमन है जब कि खंडसारी का भाव ३०,३५ रुपये है। दोनों में ४, ५ रुपये का अन्तर है और अगर यह ५ रुपये ६० नये पैसे का टैक्स खंडसारी पर लगा दिया गया तो खंडसारी उद्योग पनप नहीं सकेगा और यह इंडस्ट्री बैठ जायेगी और वह चलने वाली नहीं है और इस तरह लाखों आदमी बेकार हो जायेंगे। इसलिये मेरा सुझाव यह है कि इस खंडसारी में जो दो तीन तरीके के आदमी काम करते हैं, ऐसे आदमी जो मशीन से काम करते हैं और कुछ ओपेन पैन लगा कर सल्फर से साफ करके चीनी बनाते हैं और जिन की कि बनाई हुई चीनी करीब करीब मिल की चीनी के बराबर होती है। अब ऐसी खंडसारी इंडस्ट्री पर जो कि सल्फर द्वारा चीनी को साफ कर के ओपेन पैन से काम लेते हैं और जो छोटी मिलों के रूप में हैं उन पर यह टैक्स लगाया जाय तो कुछ समझ में भी आ सकता है लेकिन ऐसे लोगों पर जो कि १० हौर्स पावर या ५ हौर्स पावर तक की मशीन से खंडसारी बनाते हैं उन पर यह टैक्स लगाना उचित नहीं है और उन पर यह टैक्स नहीं लगना चाहिये। आज सदन में वित्त मंत्री का बजट डिमान्ड्स पर जो एलाउन्समेंट होने वाला है हमें उम्मीद है कि वे खंडसारी उद्योग पर इस टैक्स को हटाने के सम्बन्ध में सदन के हर पक्ष की ओर से चाहे वह कांग्रेस का हो अथवा विरोधी दल का, टैक्स हटाने के लिये जो मांग की गई है उस को ध्यान में रख कर अपनी घोषणा करेंगे और आज उन की घोषणा से ही

[श्री सिंहासन सिंह]

प्रजातांत्रिक राज्य का सबूत भी मिलने वाला है । मुझे उम्मीद है कि माननीय वित्त मंत्री महोदय अपनी घोषणा में कम से कम १० हार्स पावर तक के जो खंडसारी के कारखाने चलते हों उन को इस टैक्स से छूट देने का ऐलान करेंगे ।

दूसरी तरफ मैं आप का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि हमारा उद्देश्य शुरू से यह रहा है कि बड़े और छोटे के अन्तर को दूर करें, आर्थिक विषमता को दूर करें और आज जो असमानता है उस को काफी हद तक समाप्त करें लेकिन मुझे बड़े दुःख के साथ यह कहना पड़ता है कि हम उस दिशा में पूरी तरह कामयाब नहीं हुए हैं और आज भी रेलवे स्टेशनों पर यदि आप जायें तो आप को भिखारियों की भीड़ खड़ी दिखाई देगी । आप स्टेशन पर उतरेंगे नहीं कि सामने आप को भिखारियों का झुंड खड़ा मिलेगा । मुमकिन है कि माननीय मंत्रियों को यह न देखने को मिलता हो क्योंकि मिनिस्टर लोगों के आगे पीछे पुलिस तैनात रहती है और उस हालत में उन तक भिखमंगे न पहुंच पाते हों । आप भले ही बड़े बड़े विदेशी मेहमानों को बड़े बड़े नगरों में व्यवस्था के साथ घुमा कर और बड़े बड़े महलों और आलीशान होटलों और कोठियों में ठहरा कर यह सर्टिफिकेट उन से लेने में कामयाब हो जाते हों कि हमारा देश काफी प्रगति कर चुका है लेकिन आज कटु सत्य यह है कि देश में से बेकारी, भुखमरी और नंगापन गया नहीं है ।

आप जहां इतने टैक्स लगा रहे हैं वहां आप एक भिखमंगों का भी एक टैक्स लगा दीजिये जिस के कि अनुसार हर एक से १ आना भिखमंगे का टैक्स लिया जाय और उस टैक्स के जरिये प्राप्त होनेवाली रकम से आप ऐसी व्यवस्था उन के लिये व्यवस्था कर दें ताकि किसी स्टेशन पर और कहीं पर भी कोई भिखमंगा इधर उधर घूमता और भीख मांगता दिखाई न पड़े । आप तमाम भिखमंगों को इकट्ठा कर के उन के लिये एक मकान की व्यवस्था करें जहां कि वह रहते हुए श्रम कर के अपनी रोजी कमावें और वे देश के एक अच्छे नागरिक की भांति जीवनयापन करें ।

गोरखपुर में इस तरह का एक कुष्ठ आश्रम बना हुआ है जहां पर कि कोढ़ी लोग रहते हैं और सरकारी मदद और लोगों के सहयोग के कारण वह स्वर्ग समान बना हुआ है और वहां की व्यवस्था को देखते हुए कोई यह कह नहीं सकता कि यहां पर कोढ़ी लोग निवास करते हैं । वहां पर उन्हों ने श्रम कर के फूल आदि लगाये हुए हैं, सुन्दर फुलवाड़ी लगी हुई है और वहां पर साग सब्जी आदि पैदा कर के सैल्फ सफिशिएंट बने हुए हैं और वे भीख मांगने नहीं जाते । वे एक योग्य नागरिक की भांति जीवन यापन कर रहे हैं । लेकिन दूसरी तरफ दिल्ली जो कि भारतवर्ष की राजधानी है वहां स्टेशन से उतरते ही आप को कोढ़ियों और भिखमगों की कतार सामने खड़ी दिखाई देगी । यह बड़े शर्म का विषय है कि आज दस वर्ष से अधिक हमें स्वतन्त्र होने को आये लेकिन हम उन की कोई माकूल व्यवस्था नहीं कर सके । मैं चाहता हूं कि सरकार इस ओर गम्भीरतापूर्वक ध्यान दे और उन की कोई उचित व्यवस्था करे ।

हम देख रहे हैं कि जहां एक ओर हमारे देश में इतनी गरीबी और भुखमरी फैली हुई है वहां देश का वह धनी वर्ग दिन प्रति दिन और अधिक धनी होता जा रहा है । अभी हमारी कामर्स मिनिस्ट्री ने कहा कि वह प्राइवेट काम करने वाली मैनेजिंग एजेंसीज की कुछ आमदनी कम करने वाले हैं । अब हम देखते हैं कि इन प्राइवेट मैनेजिंग एजेंसीज की आमदनी दिन प्रति दिन बढ़ती ही जा रही है । यह कहा गया है कि किसी के पास १० या २० मैनेजिंग ऐजेंसीज से ज्यादा न हों लेकिन इस

पर भी हम देख रहे हैं कि बिड़ला हाउस, टाटा हाउस फैलते ही जा रहे हैं और भगवान जाने किस किस के नाम से ऐबेंसीज बनाते जा रहे हैं। अब एक ओर तो इन की आमदनी बहुत बढ़ती जा रही है और दूसरी ओर देश में चूरबत कायम है और जो गरीब हैं वे दिन पर दिन और गरीब होते जा रहे हैं। इन दस बारह वर्षों के अन्दर हम ने जो कुछ तरक्की की है वह शहरों की की है देहातों की तरक्की नहीं की है। इसलिये आप का ध्यान उधर जाना चाहिये।

अभी हमारे पूर्व वक्ता ने गल्ले की तरफ ध्यान आकर्षित किया। मैं भी इस सम्बन्ध में गवर्नमेंट का ध्यान दिलाना चाहता हूं। गवर्नमेंट ने भी पास किया था कि हम स्टेट ट्रेडिंग करेंगे ताकि मिडिलमैन निकाल दिया जाये। हमारी कल्पनायें अच्छी हैं, भावनायें अच्छी हैं, लेकिन जब उन को कार्य रूप में परिणत करने का वक्त आता है तो हमारा हाथ रुक जाता है। स्टेट ट्रेडिंग के मसले को पास हुए आठ नो महीने हो गये लेकिन क्या उस दिशा में कुछ कदम उठाया गया? कुछ नहीं। अभी परसों जवाब मिला कि फूड मिनिस्टर साहब ने जो स्कीम बनायी है वह चलेगी। फूड मिनिस्टर साहब ने स्कीम निकाली है कि जो खरीदने वाले बनिये हैं उन को ही लाइसेंस दिया जायेगा और वह सरकार के लिये गल्ला खरीदेंगे। लेकिन आज तक उन को लाइसेंस नहीं दिये गये और वह मनमाने ढंग से गल्ला खरीद रहे हैं। अभी दस दिन पहले गेहूं का भाव २८ रुपये मन था और अब १५ रुपये मन हो गया है। आप समझ सकते हैं कि आज किसानों को रुपये की जरूरत है, और छोटे छोटे काश्तकार अपना गल्ला बाजार में ला रहे हैं। हापुड़ मंडी की रिपोर्ट है कि ३०० या ४०० मन गल्ला रोज आ रहा है पर कोई खरीदने वाला नहीं है। महाजन नहीं खरीदते। वह कहते हैं कि न जाने गवर्नमेंट का रुख क्या होगा। नतीजा यह हो रहा है कि काश्तकार का गल्ला मनमाने ढंग से १५ रुपये मन पर ले रहे हैं। लेकिन जब दस दिन के बाद हमारे घर से गल्ला निकल जायेगा और फिर हम को बनियों के घर से खरीदना पड़ेगा तो फिर २८ और ३० रुपये के भाव पर मिलेगा। पता नहीं कि गवर्नमेंट अपनी सद्भावनाओं को कार्यान्वित करने में आगे क्यों नहीं बढ़ती।

एक तरफ आप का स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन है। वह बाहर और भीतर तमाम बातों में काम करता है। लेकिन आप की एक संस्था जो बनी बनायी थी उस को आप काम में नहीं लाते। आप ने एक वेयर हाउसिंग कारपोरेशन का कानून बनाया था कि जिस के अन्तर्गत देहातों में काश्तकारों का गल्ला इकट्ठा करने की व्यवस्था करने की बात थी ताकि जब अनाज मंहगा हो तो किसान उस को बाजार में लाकर बेच सकें और उस को इस तरह अधिक दाम मिल सके। लेकिन वह आज तक लागू नहीं हुआ। हम देखते हैं कि जितनी स्कीमें गरीबों के लाभ के लिये होती हैं उन को लागू करने में देरी होती है।

अरहर की दाल जिस का भाव १३ आने सेर तक पहुंच गया था आज हम ने अखबार में देखा है कि उस का भाव १२ से १६ रुपये मन तक हो गया है। तो जब हमारी चीजें बाजार में आती हैं तो उन का भाव गिर जाता है और बाद में उन का भाव बढ़ जाता है। आप ने चावल का भाव निश्चित किया था और उस वक्त चावल का भाव काफी नीचा हो गया था लेकिन आज फिर बहुत ऊंचा चला गया है। आज आप गेहूं का जौ का दालों का भाव निश्चित करेंगे तो वह नीचे चला जायेगा। चावल का भाव जब आप ने निश्चित किया था तो वह १८ से २२ रुपये मन तक चला गया था लेकिन आज आप देखें कि वह ३४ से ४० रुपये मन पर बिक रहा है। लेकिन आप का ध्यान उधर नहीं जा रहा है। आप ने जमींदार और राजे महा-

[श्री सिंहासन सिंह]

राजों को निकाल दिया लेकिन अभी भी व्यापारी मिडिल मैन के रूप में कायम हैं। इन को बीच में से निकालने की ओर भी गवर्नमेंट को ध्यान देना चाहिये। पता नहीं कि सरकार पर क्या प्रभाव पड़ता है कि इधर कदम नहीं उठाती। इस तरफ मैं आप का ध्यान दिलाना चाहता हूं।

दूसरी तरफ आप ने कहा था कि जो नये टैक्स लगाये गये हैं वे २३ करोड़ रुपये के हैं। क्या हम यह आशा नहीं कर सकते कि कोई साल तो ऐसा हो जिस में नया टैक्स न लगाया जाये। जब से हम आये हैं बराबर जनता पर टैक्स लगाये जा रहे हैं। लोग तो यह कहने लगे हैं कि शहर में तीन चीजें हैं नून, खून और टैक्स। यह चीजें काफी बढ़ती जा रही हैं। नमक तो सस्ता है और उस के लिये हम सरकार को बधाई देते हैं। क्योंकि उस पर टैक्स नहीं लग रहा है लेकिन और टैक्स बढ़ते जा रहे हैं। अभी हमारे एक पूंजीपति महोदय ने सरकार से मांग की थी कि सरकार व्यवसाय की उन्नति के लिये कुछ समय के लिये टैक्स लेना बन्द कर दे। हम भी चाहते हैं कि टैक्स कम किये जायें। यह जो २३ करोड़ का टैक्स लगाया जा रहा है इस को क्या हम कम नहीं कर सकते थे। क्या हम अपने खर्च कम कर के इस को न लेने की व्यवस्था नहीं कर सकते थे। खर्च कम करने की बात तो कही जाती है लेकिन खर्च कम नहीं हो रहा है। हम देखते हैं कि सात सात आठ आठ स्टोरी के भवन बन रहे हैं उन में कोई भी कमी नहीं है। नाटक अकादमी के लिये करोड़ों रुपया खर्च किया जा रहा है, कल्चरल कार्यक्रमों पर रुपया खर्च किया जा रहा है, इन कार्यक्रमों पर लाखों रुपया खर्च किया जा रहा है। अगर इस तरह के खर्च न किये जायें तो नया टैक्स न लगाना पड़े।

हम ने देखा कि सन् १९४८-४९ में सिविल एडमिनिस्ट्रेशन पर ३५५० लाख रुपया खर्च हुआ लेकिन आज वह बढ़ कर २ अरब २२ करोड़ ७३ लाख हो गया है यानी करीब ६ गुना बढ़ गया है। इस बढ़ने का कारण यह हो सकता है कि लोगों की तनख्वाहों में वृद्धि हुई है, आदमियों में भी वृद्धि हुई है। लेकिन अगर हम खोज खोज करें तो हम बहुत अंशों में खर्चा कम कर सकते हैं लेकिन शायद खर्चा कम करने की ओर ध्यान नहीं दिया जाता।

अभी पंजाब में जो इकानामी कमेटी बैठी थी उस ने कहा है कि सरकारी अफसरों को जो भत्ते दिये जाते हैं वह तनख्वाह से बढ़ जाते हैं। हमारे यहां भी पबलिक अकाउन्ट्स कमेटी ने कहा है कि भत्ते बहुत बढ़ते चले जाते हैं उन को कम करने की जरूरत है। हमारी पबलिक एकाउन्ट्स कमेटी इस बारे में रिपोर्ट देती है, एस्टीमेट्स कमेटी रिपोर्ट देती है कि खर्च किस तरह से कम किया जाना चाहिये लेकिन हमारी गवर्नमेंट इस बारे में मौन सी हो जाती है। तो मैं निवेदन करूंगा कि हम को अपने खर्चों को भी देखना चाहिये और जब हम जनता से पेट कसने के लिये कहते हैं तो हम भी उस के सामने अपना खर्च घटा कर उदाहरण पेश करें। अगर हमारे खर्च घटाने के बाद और सारी कोशिश कर लेने के बाद भी हमारा काम न चले तो हम जनता के सामने आ कर कह सकते हैं कि अब हमारा काम नहीं चल सकता और हम को नया टैक्स लगाना पड़ेगा।

अन्त में अधिक समय न लेते हुए मैं मंत्री महोदय से यह अनुरोध करूंगा कि वह ऐसी कार्यवाही करें ताकि हम आगे बढ़ सकें।

सेठ अचल सिंह (आगरा) : अध्यक्ष महोदय, जो मांगे हमारे फाइनेन्स मिनिस्टर साहब ने पेश की हैं उन को पास करना बहुत जरूरी है। हमारे मौजूदा फाइनेन्स मिनिस्टर साहब के हाथ में हमारा यह विभाग बहुत सुरक्षित है। हमारे मिनिस्टर साहब हिन्दुस्तान से बाहर गये क्योंकि सैकिंड फाइव इयर प्लान के लिये रुपये की सख्त जरूरत थी और उन्हों ने अपनी कोशिशों से और अपनी निपुणता से कई सौ करोड़ रुपये का कर्ज हिन्दुस्तान के लिये हासिल किया। यह तो ठीक है कि मौजूदा फाइनेन्स मिनिस्टर साहब के हाथ में हमारा यह विभाग सुरक्षित है। लेकिन जो स्कीम्स हमारे सेन्टर से पास होती हैं वह आगे चल कर स्टेट या डिस्ट्रिक्ट लेविल पर अच्छी तरह कार्यान्वित नहीं की जातीं, उन का वहां दुरुपयोग होता है।

यहां एक्साइज ड्यूटी लगायी जाती है लेकिन वह उस तरह से वसूल नहीं की जाती जिस तरह से कि वसूल की जानी चाहिये। स्टेट में ज्यादातर इंस्पैक्टर जो यह ड्यूटी वसूल करने जाते हैं वह लोगों से मिल जाते हैं और पूरी एक्साइज ड्यूटी वसूल नहीं करते और जिस से स्टेट को काफी नुकसान होता है।

13 hrs.

हमारे देश को आजाद हुए लगभग १२ साल हो गये हैं जरूरत तो इस बात की थी कि जनता को कुछ राहत मिलती, लेकिन आज हम देखते हैं कि जनता अपने को बहुत परेशान महसूस करती है क्योंकि उस पर काफी टैक्स लगाये गये हैं। यह ठीक है कि टैक्स लगाये गये हैं क्योंकि जो हमारी योजनायें हैं उन के लिये रुपये की जरूरत भी है। लेकिन जो जनता टैक्स की आदी नहीं थी उस पर इतना टैक्स लगाने से वह बेचैन हो उठी है और खास तौर से जब कि गल्ले और कपड़े आदि के भाव बहुत ऊंचे हो गये हों। आप ने देखा होगा कि आज से महीने भर पहले गल्ले का क्या भाव था। लोगों को खाना नहीं मिलता था। जब तक कपड़े की, गल्ले की और जीवन की दूसरी आवश्यकताओं की उचित व्यवस्था न की जाये तब तक जनता को राहत नहीं मिल सकती। लेकिन हो यह रहा है कि इधर तो चीजों के दाम बढ़ते जाते हैं और उधर नये टैक्स लगाये जा रहे हैं। इस से जनता को काफी बेचैनी होती है।

भोजन जीवन के लिये अत्यन्त आवश्यक है। लेकिन उत्तर प्रदेश की सरकार ने एक पैसा रुपया गल्ले पर और दो पैसा रुपया तिलहन पर टैक्स लगा दिया है। इस से जनता परेशान हो रही है। इसी तरह से कपड़े पर, तम्बाकू पर, खांड आदि दूसरी चीजों पर जो एक्साइज ड्यूटी लगायी गयी है उस की वजह से भी लोगों में बहुत बेचैनी है। मेरा निवेदन यह है कि हमारे यहां टैक्स इस तरह से लगाये जाने चाहियें कि जनता आसानी से दे सके। इस के साथ-साथ चीजों की जो कमी है—खास तौर पर गल्ले की उस को पूरा करना चाहिये, तभी हम जनता को राहत दे सकते हैं। इस स्थिति से अपोजीशन पार्टीज भी फायदा उठाती है और जनता को भड़काती है। और हर एक आदमी कांग्रेस का मुखालिफ होता जाता है। एक तो कुदरती तौर पर चीजों की कमी के कारण असन्तोष है और उस में अपोजीशन वाले भी योग देते हैं। इस का नतीजा यह होता है कि जनता में बड़ी बेचैनी और घबराहट होती है।

अब मैं बताना चाहता हूं कि डिस्ट्रिक्ट लेवल पर एडमिनिस्ट्रेशन का क्या हाल है। उत्तर प्रदेश में यद्यपि चरस, शराब और गांजा बन्द है, लेकिन इल्लिसिट तौर पर चरस, गांजा और लिकर गलत तरीके से बिकता है। पुलिस और इंस्पैक्टर इस में मिले हुए हैं और पैसा लेते हैं। जब इस के विरुद्ध आन्दोलन किया जाता है और अधिकारियों

[सेठ अचल सिंह]

से कहा जाता है, तो थोड़ा बहुत किसी को गिरफ्तार किया जाता है, मुकदमा चलाया जाता है और मामला खत्म हो जाता है। लेकिन हम देखते हैं कि शराब, चरस और गांजे के अड्डे उसी तरह चल रहे हैं। मैं ने निवेदन किया है कि स्कीम तो अच्छी होती है, लेकिन आहिस्ता आहिस्ता उस में इतनी खराबियां पैदा हो जाती हैं कि जनता में बेचैनी फैल जाती है और वह सोचने लग जाती है कि यहां पर गवर्नमेंट का राज है या क्या हो रहा है। मैं आप को बताना चाहता हूं कि आगरे में नाजायज तौर पर काफी शराब बनती है और चरस और गांजा भी बिकता है। हम पुलिस से और एक्साइज डिपार्टमेंट से कहते हैं। वे थोड़ा बहुत करते हैं, लेकिन इन चीजों की बिक्री जारी है—बन्द नहीं होती है।

इस तरीके से मैं बताना चाहता हूं कि काश्तकार तम्बाकू पैदा करता है और इन्स्पैक्टर वहां जाता है। अगर उस से बात हो जाती है, तो वह कम ड्यूटी लगा देता है और अगर बात नहीं हुई, तो वह ज्यादा ड्यूटी लगा देता है। इस से काश्तकार बड़ा परेशान होता है और मारा मारा फिरता है। कुछ काश्तकार अपने लिये तम्बाकू पैदा करते हैं, लेकिन उस पर भी ड्यूटी लगा दी जाती है, जिस से उन में बड़ी बेचैनी और परेशानी होती है। वे कहते हैं कि हम ने अपने लिये तम्बाकू काश्त किया है, लेकिन उस पर भी टैक्स लगाया जा रहा है। जैसा कि मैं ने निवेदन किया है, सैन्टर से हमारे कायदे, कानून और रूल्ज वगैरह बहुत ठीक बनते हैं, लेकिन आगे चल कर डिस्ट्रिक्ट लेवल पर उन का दुरुपयोग होता है, जिस से जनता को परेशानी होती है।

जहां तक स्मगलिंग का सम्बन्ध है, आप देखते हैं कि सोना काफी मात्रा में बाहर से आया और स्मगल हुआ। मझे खुशी है कि हमारी सैंट्रल गवर्नमेंट ने उस बारे में काफी सख्ती की और उसको बन्द किया। इसका फल यह है कि आज सोना १२० रुपए तोला हो गया है, जबकि पहले वह १००, १०२ रुपए तोला बिक रहा था।

इनकम टैक्स के बारे में भी मैं दो शब्द कहना चाहता हूं। इनकम टैक्स इसलिये लगाया गया है कि गवर्नमेंट को इनकम हो, लेकिन हम देखते हैं कि इनकम टैक्स आफ़िसर समझते हैं कि व्यापारी बड़े बेईमान हैं, चोर हैं और इसी दृष्टि से उन के बही-खाते देखते हैं, जिससे व्यापारियों को बड़ी परेशानी होती है और उन में बड़ी बेचैनी फैलती है। मैं चाहूंगा कि इस विषय में जितनी भी कम्प्लीकेशन्ज और उलझनें हैं, उनको दूर किया जाये और इनकम टैक्स वसूल करने का सीधा-सादा तरीका होना चाहिये। एक एक जिले में लाखों करोड़ों रुपए इनकम टैक्स के बाकी है। इनकम टैक्स आफ़िसर्ज एडवांस में रुपया जमा करा लेते हैं। वह बरसों तक वापस नहीं होता है। इस सम्बन्ध में मेरी एक सज्जन से बातचीत हुई। उन्होंने बताया कि हम ने बीस पच्चीस हजार रुपया १९४६ में जमा कराया था, वह आज तक वापस नहीं किया गया है, तारीख पर तारीख दी जाती है। हमारे मन्त्री महोदय बड़े योग्य हैं और बहुत अच्छी तरह से काम कर रहे हैं। वह इस प्रकार की व्यवस्था करें कि इनकम टैक्स, वैल्थ टैक्स और एक्सपेंडीचर टैक्स वगैरह वसूल करने की मशीनरी अच्छी बनाई जाये, जिससे जनता की परेशानी में वृद्धि न हो, क्योंकि जो काम करने वाले हैं, वे इस तरह के आदमी हैं कि वे इस के सिवाये कुछ नहीं सोचते कि हमारा किसी तरह फ़ायदा हो और हम जनता को परेशान करें। इससे जनता में फ्रस्ट्रेशन फैलती है और उसमें गवर्नमेंट के खिलाफ भावना पैदा होती है। इस तरफ ध्यान दिया जाना चाहिए।

अभी मुझे मालूम हुआ कि कुछ लोग नकली नोट बनाते हैं और एक फ़ैक्ट्री हाल में पकड़ी गई है। मुझे बताया गया है कि और भी फैक्टरियां हैं, लेकिन उस तरफ ज्यादा

ध्यान दिया जाना चाहिये । उस तरफ़ ध्यान देना आवश्यक है ।

श्री डी० चं० शर्मा (गुरदासपुर) : खाली नोट कहां बनते हैं ?

सेठ अचल सिंह : आगरा में एक फैक्ट्री पकड़ी गई है ।

श्री डी० चं० शर्मा : भगवान् कृपा करे ।

सेठ अचल सिंह : सेल्ज़ टैक्स स्टेट्स का है और इण्टर-स्टेट सेल्ज़ टैक्स सेण्टर का है । उससे बड़ी गड़बड़ी पैदा होती है । किसी जगह कुछ सेल्ज़ टैक्स है और किसी जगह कुछ । इस वजह से एक जगह के लोग दूसरी जगह माल ले जाते हैं, ताकि कम सेल्ज़ टैक्स देना पड़े । फ़ाइनेंस मिनिस्टर साहब से मेरी प्रार्थना है कि वह तमाम स्टेट्स के वित्त मंत्रियों की एक कान्फ्रेंस करें, जिसमें इस पर विचार किया जाय कि तमाम स्टेट्स में एक सा—यूनिफार्म—टैक्स होना चाहिए, ताकि व्यापारियों को और जनता को असुविधा न हो ।

बेचैनी की एक वजह बेकारी भी है । हमारे यहां काफ़ी लोग बेकार हैं, जिस की वजह से लोगों में परेशानी है । जैसा कि हमारे पूर्ववक्ता महोदय ने बताया है, बेकारी तभी दूर हो सकती है, जबकि स्माल स्केल इंडस्ट्रीज की तरफ़ ज्यादा ध्यान दिया जाये और उनको प्रोत्साहन दिया जाय, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग उनमें लग सकें । एक बड़ी इंडस्ट्री में लाखों करोड़ों रुपए लगते हैं, लेकिन उसमें सिर्फ़ दस बीस फी सदी आदमी काम पर लगते हैं, जब कि स्माल स्केल इंडस्ट्रीज में चार पांच सौ आदमी लग सकते हैं और उसमें रुपया भी कम लगता है । फ़ाइनेंस डिपार्टमेंट को इस तरफ़ ध्यान देना चाहिए, जिससे बेकारी दूर हो, क्योंकि अगर बेकारी दूर होगी, लोगों को काम मिलेगा, तो लोगों को राहत मिलेगी ।

मेरा निवेदन है कि हम को स्टेट को इस तरह मैनेज करना है, जिससे लोगों को खाने को अन्न, पहनने को कपड़ा और रहने को मकान मिल सके, ताकि उनकी बेचैनी और परेशानी दूर हो सके । मौजूदा हालत शोचनीय है । मैं आशा करता हूं कि मंत्री महोदय उस पर विचार करेंगे और ऐसी व्यवस्था करेंगे कि लोगों को राहत मिले और वे हमारी गवर्नमेंट को अच्छा समझें और उसकी ताईद करें । इन शब्दों के साथ मैं इन डिमान्डज़ की ताईद करता हूं ।

Mr. Speaker: The hon. Finance Minister.

Shri Sugandhi (Bijapur North): Could you allow me speak for a few minutes?

Mr. Speaker: Has he not spoken at all?

Shri Sugandhi: No, Sir.

Mr. Speaker: I will call him during the discussion of the Finance Bill. I also want to announce to the hon. Members of the House that those who have not spoken at all so far—in the discussion of the President's Address or in the general discussion of the budget or the railway budget or in the course of the discussion on Demands for Grants—may send chits to me and I will give them, as far as possible, preference over others in the Finance Bill.

Shri Morarji Desai: Sir, I am very grateful to all the hon. Members who have taken part in this debate on the Demands for Grants under the Finance Ministry. I was carefully listening to all the suggestions and criticisms made. One impression that has been made in my mind is that many criticisms and suggestions are made chronically. Even though from time to time I have clarified certain matters to the best of my light and capacity, the same things have been put up again and again. I do not know whether it would be right for me to go into such matters again and again and take the time of this hon. House. Yet, I owe a duty to the House that every time

[Shri Morarji Desai]

a question is raised I must try to give the point of view of the Government.

I shall start first with my hon. friend from the Communist party, Shri Prabhat Kar. He said that there is no system in the taxation policy or there is no planning in the taxation policy of this Government and that taxation depends upon the whims of every succeeding Finance Minister. He gave two reasons for it as I could understand from his whole speech. One was the capital gains tax and the other was the wealth tax and the excess dividends tax. I do not think he gave any other reason except these two for making a sweeping criticism that taxation is changed according to the whims of every Finance Minister.

Shri Prabhat Kar (Hooghly): The limit of the tax base was also given.

Shri Morarji Desai: I agree. I stand corrected. Well, in the matter of the capital gains tax, it was introduced first in 1946 and given up again in 1954 or thereabouts. It was given up because the prices of properties went down and were going down. There was no point in keeping it up and helping a downward process of the properties because that will not benefit the country in anyway. But again, when the trend went up and it appeared to be a sharper trend of price going up, this was again introduced. I do not see how it can be argued from this that it was due to the whim of any particular Finance Minister that this is levied, given up and again levied.

Then, about the wealth tax and the excess dividends tax, the argument has no strength whatsoever. We have not given up the wealth tax and the excess dividends tax, which were levied. It is a technical giving up but we are continuing to receive what we had levied. It is now merged in the corporation taxes which are newly levied and we have done that in order to simplify the process of taxation in this matter. That is what I had explained. But in spite of my explanation, if a criticism has to be made that the Finance Minister is incompetent or that the Government is incompetent or that it has no imagination or that it has no plan, simply because they do not coincide with the purpose and aims of the hon. Member and his party, I wish him joy about it. I cannot say anything more than that because it is not possible for me in that case to bring light to him if he is walking in darkness.

Shri Prabhat Kar: He is not still explaining it.

Shri Morarji Desai: It can never be explained to the hon. Member because he has put a blank wall before him beyond which he does not go.

Shri Prabhat Kar: The argument of Shri T. T. Krishnamachari was quoted.

Shri Morarji Desai: Anyway, there cannot be a running commentary in this matter.

Mr. Speaker: The hon. Member will be satisfied with whatever explanation is given. The explanation may be given any number of times and the hon. Member may not be satisfied with it any number of times!

Shri Prabhat Kar: It was not my argument. The argument I quoted was from Shri T. T. Krishnamachari.

Mr. Speaker: Hon. Members should not give running commentaries; otherwise the trend is spoiled.

Shri Morarji Desai: Fortunately, I argue for a moment, and therefore, my trend seldom gets broken when I am interrupted. But the hon. Members there get immediately impatient if somebody tries to argue with them at the time they are speaking. So, I do not come in their way; I hear them patiently.

Shri Prabhat Kar: We shall also do so.

Shri Morarji Desai: I hope they will take the lesson sometime.

Mr. Speaker: Even this is an interruption.

Shri Morarji Desai: But they will do so only when they know that it does not pay to interrupt. Now they are realising that it does not pay them to interrupt.

